
# സാമ്പിൾ ചോദ്യപ്പേപ്പർ

## ഹിന്ദി



# सामान्य मार्गनिर्देश


कार्यकालांत मूल्यांकन के लिए गतिविधियाँ तैयार करते समय निम्नांकित बातों पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। गतिविधियाँ इनके अनुरूप होने चाहिए।

- सभी गतिविधियाँ पाठ्यचर्या उद्देश्यों पर आधारित हों।
- एक से अधिक पाठ्यचर्या उद्देश्यों पर आधारित गतिविधि भी दी जा सकती है।
- गतिविधियाँ अध्येता की चिंतन प्रक्रिया को उजागर करनेवाली हों।
- खुलांत (*Open ended*) गतिविधियों का भी समावेश हो।
- गतिविधियों में विविधता हो।
- चिंतन प्रक्रियाओं को ध्यान में रखकर स्कोर निश्चित करें।
- पाठ्यपुस्तक की सभी इकाइयों को ध्यान में रखकर गतिविधियाँ तैयार करें।
- गतिविधियाँ हिंदी में परिचित सभी विधाओं के आधार पर हों।
- गतिविधियाँ सभी स्तरवाले छात्रों को ध्यान में रखकर तैयार करें।
- गतिविधियों के लिए पाठ्यपुस्तक के बाहर की सामग्रियाँ भी ले सकते हैं। ऐसे अवसरों पर संदर्भ सामग्री भी दें।
- प्रश्न-पत्र की सूचनाएँ स्पष्ट एवं संक्षिप्त हों।
- एक प्रश्न-पत्र में स्कोर के 20% तक विकल्प दे सकते हैं। ऐसे अवसरों पर एक विकल्प में आनेवाले प्रश्नों की चिंतन प्रक्रियाएँ समान हों।
- प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या नियत (*fixed*) नहीं होनी चाहिए। हर बार प्रश्नों की संख्या में कमोबेशी हो।
- प्रश्नों के क्रम में भी एकरूपता नहीं होनी चाहिए।
- प्रश्न के लिए समय नियत करते वक्त वाचन, मनन-चिंतन, लेखन आदि पर ध्यान दें।
- निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखने में सहायक संकेत प्रश्न-पत्र में दें।
- केवल स्मृति परखने लायक प्रश्न छोड़ दें।
- दसवीं कक्षा की पूरक पाठ्यपुस्तक की निम्नांकित पाँच कहानियाँ पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित हैं। लाल अंगारों की मुस्कान, परीक्षा, लड़की, स्नेह का दंड और भोलाराम का जीव।

# पाठ्यचर्या उद्‌देश्य

कार्यकालांत मूल्यांकन के लिए निम्नांकित पाठ्यचर्या उद्‌देश्य निश्चित हैं। गतिविधियाँ इनपर आधारित हों।

- आत्मकथांश पढ़कर समझना तथा आत्मकथांश तैयार करना।
- कविता पढ़कर आस्वादन करना।
- स्रोतभाषा से लक्ष्यभाषा में भाषांतरण करना।
- निबंध/लेख पढ़कर आशय समझना तथा निबंध/लेख तैयार करना।
- सार-संक्षेपण करना।
- डायरी पढ़कर समझना तथा डायरी लिखना।
- वार्तालाप तैयार करना।
- साक्षात्कार तैयार करना।
- कहानी पढ़कर समझना तथा कहानी तैयार करना।
- पद/दोहे पढ़कर भाव समझना तथा आस्वादन करना।
- विभिन्न प्रकार के फ़ार्मों की भर्ती करना।
- यात्राविवरण पढ़कर समझना तथा यात्राविवरण तैयार करना।
- विभिन्न प्रकार के पत्र लिखना।
- रपट/समाचार पढ़कर समझना तथा रपट/समाचार तैयार करना।
- उद्‌घोषणा तैयार करना।
- विज्ञापन पढ़कर समझना तथा विज्ञापन तैयार करना।
- संकेत-पट तैयार करना।
- विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आशय को नई विधा में अभिव्यक्त करना।
- व्यावहारिक भाषा का प्रयोग करना।



# चिंतन प्रक्रियाएँ

मूल्यांकन अध्ययन-प्रक्रिया के साथ-साथ चलनेवाला कार्य है। इसमें अध्येता की चिंतन प्रक्रियाओं को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। वास्तव में उपज तक पहुँचने में अध्येता जिन-जिन चिंतन प्रक्रियाओं से होकर गुज़रता है, उन्हीं का मूल्यांकन होता है। शिक्षा शास्त्रियों ने इन चिंतन प्रक्रियाओं पर गहन चिंतन किया है। मुख्य चिंतन प्रक्रियाएँ निम्नांकित हैं।

1 तथ्यों/विचारों को दोहराता है, पुनःस्मरण करता है तथा पुनःप्राप्त करता है।
2 पूर्वानुभवों का, नए ज्ञान से संबंध स्थापित करता है तथा प्राथमिक धारणा पर पहुँचता है।
3 साम्य और वैषम्य का पता लगाता है।
4 ज्ञान का उचित रूप से वर्गीकरण करता है तथा उसे क्रमबद्ध करता है।
5 अर्जित ज्ञान का अंतरण (*Transfer*) करता है तथा उसका नए संदर्भ में प्रयोग करता है।
6 कार्य-कारण संबंध स्थापित करता है।
7 पूर्व ज्ञान का नए ज्ञान से संबंध जोड़ता है। विवेक से काम लेता है तथा अनुमान लगाता है।
8 ज्ञान/विचार को विभिन्न विधाओं द्वारा अभिव्यक्त करता है।
9 अर्जित ज्ञान के आधार पर कल्पना करता है, रूपायित करता है तथा पूर्वानुमान लगाता है।
10 तर्कसंगत विश्लेषण करता है, समर्थन करता है, मूल्यांकन करता है, निष्कर्ष पर पहुँचता है, आस्वादन करता है, सृजन करता है।

## 1. WEIGHTAGE TO CURRICULUM OBJECTIVES

| *Sl. No.* | *Unit/Curriculum Objectives* | *Score* | *% of Score* |
|---|---|---|---|
| 1 | • डायरी-लेखन की शैली से परिचित होना तथा डायरी लिखना। | 5 | 10 |
| 2 | • पारिभाषिक शब्दावली का परिचय पाना। | 3 | 6 |
| 3 | • समाचार पढ़कर समझना तथा किसी का साक्षात्कार लेना। | 8 | 16 |
| 4 | • कविता पढ़कर भाव समझना तथा उसका आस्वादन करना। | 5 | 10 |
| 5 | • लेख पढ़कर समझना, स्रोत भाषा से लक्ष्य भाषा में भाषांतरण करना तथा लेख का संक्षेपण करना। | 8 | 16 |
| 6 | • कहानी पढ़कर आशय समझना तथा उसको समाचार, पोस्टर, संवाद आदि विधाओं द्‌वारा अभिव्यक्त करना। | 9 | 18 |
| 7 | • विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आशय को पत्र के रूप में अभिव्यक्त करना।<br>• संकेतों के आधार पर कहानी विकसित करना।<br>• बिंदुओं को विकसित कर निबंध तैयार करना। | 12 | 24 |

## 2. BLUE PRINT

| *Curriculum Objectives* | *Question Type* | | | | *Total* |
|---|---|---|---|---|---|
| | *O* | *SA* | *E* | *Other* | |
| • डायरी-लेखन की शैली से परिचित होना तथा डायरी लिखना। | | | (1)<br>5 | | (1)<br>5 |
| • पारिभाषिक शब्दावली का परिचय पाना। | (1)<br>3 | | | | (1)<br>3 |
| • समाचार पढ़कर समझना तथा किसी का साक्षात्कार लेना। | (1)<br>1 | (1)<br>2 | (1)<br>5 | | (3)<br>8 |
| • कविता पढ़कर आस्वादन करना। | (2)<br>2 | (1)<br>3 | | | (3)<br>5 |
| • लेख पढ़कर समझना, स्रोत भाषा से लक्ष्य भाषा में भाषांतरण करना तथा लेख का संक्षेपण करना। | | (1)<br>3 | (1)<br>5 | | (2)<br>8 |
| • कहानी पढ़कर आशय समझना तथा उसको समाचार, पोस्टर, संवाद आदि विधाओं द्वारा अभिव्यक्त करना। | | (4)*<br>12 | | | (3)<br>9 |
| • विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आशय को पत्र के रूप में अभिव्यक्त करना। | | | (1)*<br>6 | | |
| • संकेतों के आधार पर कहानी विकसित करना। | | | (1)*<br>6 | | (2)<br>12 |
| • बिंदुओं को विकसित कर निबंध तैयार करना। | | | (1)*<br>6 | | |
| *Total*<br>**Choiced Questions* | | | | | (15)<br>50 |

## 3. SAMPLE QUESTION PAPER - 1

| Std. X | Third Language **HINDI** | Time : 1½ Hrs. Max. Score : 50 |
|---|---|---|

**सामान्य निर्देश**

- सभी प्रश्न और उनसे संबंधित सूचनाएँ ध्यान से पढ़िए।
- 1 से 10 तक के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- 11 से 14 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
- 15 से 17 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1 निम्नांकित डायरी की पूर्ति करके लिखें। 5

25 अप्रैल
इंफाल।

☐ आज माइती बाज़ार देखने का अवसर मिला।
☐ ________________
☐ ________________
☐ ________________
☐ ________________
☐ ________________

(संकेत (*Hints*) : स्त्रियों का बाज़ार
दिन भर सामान की बिक्री
वर्गभेद का अभाव
संस्कृति का भाग)

2 लालाजी कल बैंक में गए थे। वहाँ पर उन्होंने अनेक संकेत-पट देखे। उनमें एक इसप्रकार था।

Savings Account
बचत खाता

इसप्रकार के अन्य तीन संकेत-पट लिखें। 3

**सूचना** : निम्नलिखित समाचार पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

भोपाल : अंजली जैन द्वारा रचित 'दो दिन शेष हैं' इस वर्ष के अमृत पुरस्कार के लिए चुना गया। ये वसंत नगरी की रहनेवाली हैं और भोपाल विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में अध्यापिका हैं। *टिमटिमाते तारे, पथ हैं आगे, सुनहरी संध्या, सूखे पत्ते, आशा है अभी* आदि उनके प्रमुख काव्यग्रंथ हैं। 'आशा है अभी' में संकलित प्रस्तुत कविता अणु परिवार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करती है। अगले महीने के दस तारीख को भोपाल में पुरस्कार वितरित किया जाएगा।

3 इस समाचार के लिए उचित शीर्षक दें। 1

4 अंजली जैन को बधाई देने के लिए एक तार-संदेश (*telegram message*) लिखें। 2

5 साक्षात्कार को आगे बढ़ाएँ। 5

पत्रकार : जी, आपने साहित्य-रचना कब शुरू की थी?

अंजली : जब मैं हाईस्कूल में पढ़ रही थी, तभी से।

:

:

**सूचना** : निम्नांकित कविता पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

छोटी-छोटी ईंटों से ही,
महल खड़े हैं बड़े-बड़े।
नन्हे-नन्हे पुर्जों के बल,
बड़े-बड़े हैं यंत्र खड़े।।

छोटी-छोटी बूंदें मिलकर,
अभी बरसने लग जातीं।
बड़ी-बड़ी नदियाँ भी पानी से
भरकर हैं लहराती।।

हम बालक हैं यद्यपि छोटे,
पर सब मिलकर लग जाएँ।
तो फिर कार्य कौन है ऐसा
जिसे न हम कर पाएँ?

(ईंट-ഇഷ്ടിക, bricks; पुर्जा-भाग)

6 यंत्र किनके बल पर खड़े हैं? 1

7 नदियाँ कैसे लहराती हैं? 1

8 'एकता में ही शक्ति है।' इस आशय को कवि ने किन-किन उदाहरणों द्वारा स्पष्ट किया है? 3

सूचना : निम्नलिखित गद्यखंड पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> देशप्रेम एक विशिष्ट गुण है जो प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है। अपने देश के प्रति मनुष्य के मन में जो ममता होती है, उसी को देशप्रेम कहते हैं। जिस देश में हमारा जन्म होता है, उस देश के नदी-नाले, पशु-पक्षी, वृक्ष-लता आदि से हमारा प्रेम होना स्वाभाविक है। उनसे अलग होकर हमसे रहा नहीं जाता। विदेश चले जाने पर बार-बार हमें उनकी याद आती रहेगी। अपने जन्मस्थान के प्रति जो प्यार है, वही विकसित होकर देशप्रेम का रूप धारण कर लेता है। देशप्रेम एक ऐसा अनुष्ठान है जिसमें जाति, धर्म, प्रांत की सीमाएँ टूट जाती हैं।

9 मातृभाषा में अनुवाद करें। 3

> जिस देश में हमारा जन्म होता है, उस देश के नदी-नाले, पशु-पक्षी, वृक्ष-लता आदि से हमारा प्रेम होना स्वाभाविक है। उनसे अलग होकर हमसे रहा नहीं जाता। विदेश चले जाने पर बार-बार हमें उनकी याद आती रहेगी।

10 उपर्युक्त खंड का एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण करें। 5

**सूचना** : 11 से 14 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें। ($3 \times 3 = 9$)

11 इस समाचार की पूर्ति करके लिखें।

> **जेल से फ़रार!**
>
> दिल्ली : ..........................................
>
> ..................................................

(**संकेत** : माहमशाह, अलाउद्दीन खिलजी का सैनिक, जेल में, फाँसी का हुकम, फाँसी पर चढ़ाने का दिन समीप)

12 देवगढ़ के नए दीवान का स्वागत समारोह होनेवाला है। इसके लिए पोस्टर तैयार करें।

13 पात्र और चरित्रगत विशेषता का सही जोड़ा बनाएँ।

| | |
|---|---|
| शिवशंकर | सब कुछ चुपचाप सहन करने की भावना। |
| सावित्री | साहसी, उदार एवं गरीबों के सहायक। |
| जानकीनाथ | भाई के प्रति गहरा प्रेम रखनेवाला। |

14 निम्नांकित संवाद को आगे बढ़ाएँ।

धर्मराज : नारदजी, आइए, बैठिए। पृथ्वी से कब लौटे?

नारद : अभी-अभी तो आया हूँ।

:

:

(**संकेत** : भोलाराम का पता, पेंशन की दरख्वास्तों में अटका हुआ, छोड़कर आ नहीं सकता, नारद अकेले लौटे)

**सूचना** : 15 से 17 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें। (2×6 = 12)

15 निम्नांकित कवितांश पढ़ें। उसके आधार पर भारत के किसी गाँव का वर्णन करते हुए अपने किसी मित्र के नाम पत्र लिखें।


इन्हीं तृण-फूस छप्पर से
ढके ढुलमुल गँवारू
झोंपड़े में ही हमारा देश
बसता है।
इन्हीं के ढोल-मादल-बाँसुरी से
उमगते सुर में
हमारी साधना का रस
बरसता है।

16 संकेतों के आधार पर कहानी लिखें।

- एक ग्वाला
- दूध में पानी मिलाकर बेचना
- अमीर बनना
- गाय खरीदने जाना
- रास्ते में तालाब
- कपड़े उतारकर नहाना
- बंदर का आना
- बटुए के रुपए लेकर तालाब में फेंकना
- ग्वाले को देखकर भागना
- बटुए के आधे पैसे गायब
- पानी का पैसा पानी में

(ग्वाला-*a milkman*; बटुआ-*purse;* गायब-अप्रत्यक्ष)

17 बिंदुओं को विकसित करके एक निबंध तैयार करें।




(बिजली-*electricity*; बाढ़-*flood, വെള്ളപ്പൊക്കം;* आपदा-विपत्ति)

❑❑❑❑❑

## 4. SCORING KEY

| *Question No.* | *Scoring Indicators* | *SCORE* | |
|---|---|---|---|
| | | *Per Indicator* | *Total* |
| 1 | • यात्राविवरण का आशय समझा है।<br>• प्रभावपूर्ण प्रसंगों का उल्लेख है।<br>• क्रमबद्धता है।<br>• डायरी की शैली है।<br>• अपनी कल्पना के अनुसार आकर्षक बनाया है। | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 | 5 |
| 2 | • बैंक से संबद्ध तीन पारिभाषिक शब्द अंग्रेज़ी में लिखा है तथा उनका समानार्थी हिंदी रूप लिखा है। | 3 | 3 |
| 3 | • समाचार का आशय समझकर उचित शीर्षक दिया है। | 1 | 1 |
| 4 | • बधाई संदेश लिखा है। | 2 | 2 |
| 5 | • समाचार का आशय समझा है।<br>• प्रश्नोत्तर शैली अपनाई है।<br>• प्रश्न प्रासंगिक तथा सूक्ष्म हैं।<br>• अपनी कल्पना के अनुसार आकर्षक बनाया है। | 1<br>2<br>1<br>1 | 5 |
| 6 | • कविता का आशय समझकर सही उत्तर लिखा है। | 1 | 1 |
| 7 | • कविता का आशय समझकर सही उत्तर लिखा है। | 1 | 1 |

| *Question No.* | *Scoring Indicators* | *SCORE* | |
|---|---|---|---|
| | | *Per Indicator* | *Total* |
| 8 | • कविता का आस्वादन किया है।<br>• अपने मत की पुष्टि की है। | 2<br>1 | 3 |
| 9 | • खंड का आशय लिखा है।<br>• लक्ष्यभाषा की शैली अपनाई है। | 2<br>1 | 3 |
| 10 | • लेख का आशय समझा है।<br>• मुख्य बिंदुओं का चयन किया है।<br>• सरल भाषा में अभिव्यक्त किया है।<br>• उचित शीर्षक दिया है। | 1<br>1<br>2<br>1 | 5 |
| 11 | • कहानी का नियत प्रसंग समझा है।<br>• संकेतों को विकसित करके लिखा है।<br>• समाचार की शैली है। | 1<br>1<br>1 | 3 |
| 12 | • कहानी का नियत प्रसंग समझा है।<br>• आकर्षक ढंग से पोस्टर तैयार किया है। | 1<br>2 | 3 |
| 13 | • पात्र और उनकी चरित्रगत विशेषता का सही जोड़ा बनाया है। | 3 | 3 |
| 14 | • संकेतों को विकसित करके लिखा है।<br>• वार्तालाप की शैली है।<br>• अपनी कल्पना के अनुसार वार्तालाप को आकर्षक बनाया है। | 1<br>1<br>1 | 3 |

| Question No. | Scoring Indicators | SCORE | |
|---|---|---|---|
| | | Per Indicator | Total |
| 15 | • कविता का आशय समझा है।<br>• पत्र की रूपरेखा का पालन किया है।<br>• पत्रानुकूल भाषा-शैली अपनाई है।<br>• कल्पना के अनुसार पत्र को आकर्षक बनाया है। | 1<br>2<br>2<br>1 | 6 |
| 16 | • संकेतों का आशय समझा है।<br>• घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखा है।<br>• कहानी की शैली अपनाई है।<br>• अपनी कल्पना के अनुसार कहानी को आकर्षक बनाया है।<br>• उचित शीर्षक दिया है। | 1<br>2<br>1<br>1<br>1 | 6 |
| 17 | • बिंदुओं का आशय समझा है।<br>• विचारों को प्रस्तावना, विस्तार और निष्कर्ष के रूप में अभिव्यक्त किया है।<br>• सरल भाषा-शैली अपनाई है।<br>• अपनी कल्पना के अनुसार निबंध को अधिक आकर्षक बनाया है।<br>• उचित शीर्षक दिया है। | 1<br>2<br>1<br>1<br>1 | 6 |
| | | | |

## 5. QUESTIONWISE ANALYSIS

| *Sl No.* | *Discourse* | *Curriculum Objectives* | *Type of Qn.* | *Mental Process* | *Score* |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डायरी | • डायरी-लेखन की शैली से परिचित होना तथा डायरी लिखना। | E | 1,4, 5,9 | 5 |
| 2 | अनुवाद | • पारिभाषिक शब्दावली का परिचय पाना। | O | 1,2 | 3 |
| 3 | समाचार | • समाचार पढ़कर समझना। | O | 2,5 | 1 |
| 4 | समाचार | • समाचार पढ़कर समझना। | O | 2,5,9 | 2 |
| 5 | साक्षात्कार | • किसी का साक्षात्कार लेना। | E | 2,5 8,9 | 5 |
| 6 | कविता | • कविता पढ़कर भाव समझना। | O | 2,3 | 1 |
| 7 | कविता | • कविता पढ़कर भाव समझना। | O | 2,3 | 1 |
| 8 | कविता | • कविता पढ़कर आस्वादन करना। | SA | 2,10 | 3 |
| 9 | अनुवाद | • लेख पढ़कर समझना, स्रोत भाषा से लक्ष्य भाषा में भाषांतरण करना। | SA | 2,3 5,9 | 3 |
| 10 | संक्षेपण | • लेख का संक्षेपण करना। | E | 2,5 6,9,10 | 5 |
| 11 | समाचार | • कहानी पढ़कर आशय समझना तथा प्राप्त आशय को समाचार के रूप में अभिव्यक्त करना। | SA | 1,2,3 4,8 | 3 |
| 12 | पोस्टर | • कहानी पढ़कर आशय समझना तथा प्राप्त आशय को पोस्टर के रूप में अभिव्यक्त करना। | SA | 1,2,5 8,9 | 3 |
| 13 | कहानी | • कहानी पढ़कर आशय समझना तथा पात्रों की चरित्रगत विशेषताएँ समझना। | O | 1,2 6,7 | 3 |
| | | | | | |

| *Sl No.* | *Discourse* | *Curriculum Objectives* | *Type of Qn.* | *Mental Process* | *Score* |
|---|---|---|---|---|---|
| 14 | वार्तालाप | • कहानी पढ़कर आशय समझना तथा पात्रों के बीच के वार्तालाप तैयार करना। | SA | 1,2<br>7,8 | 3 |
| 15 | पत्र | • विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आशय को पत्र के रूप में अभिव्यक्त करना। | E | 2,4,5<br>8,9 | 6 |
| 16 | कहानी | • संकेतों के आधार पर कहानी विकसित करना। | E | 2,4,5<br>8,9 | 6 |
| 17 | निबंध | • बिंदुओं को विकसित कर निबंध तैयार करना। | E | 2,4,5<br>8.9 | 6 |
| | | | | | |